15U403 (Pages:2) Name: ……………………

Reg. No. ……………………

FOURTH SEMESTER B.A./B.Sc./BSW DEGREE EXAMINATION, MAY 2017

(CUCBCSS – UG)

Hindi – Common Course

CC15U HN4 A10 (1) – CULTURE AND CIVILISATION

(2015 Admission)

Time: Three Hours Maximum : 80 Marks

I. 1 से 10 तक के सभी प्रश्नों के वस्तुनिष्ठ उत्तर लिखिए :

1. 'कुरुक्षेत्र' किसकी रचना है?
   (विवेकानंद, दिनकर, किशन पटनायिक, डॉ. आर. शशिधरन)
2. इनमें भारत रत्न के सर्वोच्च सम्मान से पुरस्कृत व्यक्ति कौन है?
   (दिनकर, अय्यनकाली, डॉ. एस. राधाकृष्णन, किशन पटनायिक)
3. किशन पटनायिक की रचना कौन-सी है?
   (लोकतंत्र एक धर्म है, युवाओं से, भारत एक है, संस्कृति और अपसंस्कृति)
4. नरेश मेहता को किस वर्ष ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित किया गया?
   (1991,1992,1993,1994)
5. "भारत वर्ष का पुनरूत्थान होगा, पर वह शारीरिक शक्ति से नहीं, वरन आत्मा की शक्ति द्वारा" - किसका कथन है?
   (किशन पटनायिक, डॉ. एस. राधाकृष्णन, विवेकानंद, अय्यनकाली)
6. भारत के प्रथम उपराष्ट्रपति कौन थे?
7. लेख 'संस्कृति अपसंस्कृति ' --- पुस्तक से लिया गया है.
8. श्रीनारायण गुरु द्वारा स्थापित अद्वैत आश्रम --- में स्थित है.
9. --- 'दलितों के मसीहा' के नाम से प्रसिद्ध हैं.
10. मतंग ऋषि का आश्रम --- नदी के पास था.

(10 x 1 = 10 marks)

II. किन्हीं दस प्रश्नों के उत्तर एक या दो वाक्यों में लिखिए:

11. श्रीनारायण गुरु के माता-पिता का परिचय दीजिये.
12. शबरी काव्य के दर्शन खंड का परिचय दीजिये.
13. डॉ. एस. राधाकृष्णन के अनुसार, हमने बार- बार अपनी स्वाधीनता कैसे खोयी है?
14. मूल्य संस्कृति का बुनियादी अंश क्या होता है?
15. पूर्वी एशिया में बौद्ध धर्म का खूब प्रचार और प्रभाव क्यों हुआ था?

16. पंचवर्षीय योजनाओं का लक्ष्य क्या है?

17. 'जाती तो व्यक्तियों की केवल समष्टि है' - विवेकानंद के कथन को स्पष्ट कीजिये.

18. सोती वीरेंद्र चन्द्र के अनुसार संस्कृति का अर्थ स्पष्ट कीजिये.

19. शबरी के माध्यम से नरेश मेहता समाज को क्या सन्देश देना चाहते हैं?

20. 'नारायण गुरु छोटी उम्र से ही दार्शनिक थे' - कथन को व्यक्त कीजिये.

21. वयस्क मताधिकार का मतलब क्या है?

22. शबरी को मतंग आश्रम क्यों छोड़ना पड़ा?

(10 x 2 = 20 Marks)

III. **किन्हीं चार प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर 150 शब्दों में लिखिए.**

23. संस्कृति और सभ्यता के मुख्य संबंधों तथा भेदों को समझाइये.

24. स्वामी विवेकानंद ने 'युवाओं से' शीर्षक लेख में शिक्षा सम्बन्धी क्या विचार प्रस्तुत किये हैं?

25. केरल के 'दलितों के मसीहा' के रूप में अय्यनकाली का परिचय दीजिये.

26. साधुजन परिपालन संघम पर टिप्पणी लिखिए.

27. भारत की संस्कृति में विकृतियाँ कैसे आई?

28. सप्रसंग व्याख्या कीजिए:

"अन्त्यजा, अछूत, फिर शबर जाति
उस पर स्त्री, क्या हेतु कहूँ?
अध्यात्म पिपासा लेकर मैं
आई हूँ कैसे बात कहूँ."

(4 x 5 = 20 Marks)

IV. **किन्हीं दो प्रश्नों का विस्तृत उत्तर दीजिये.**

29. "भारत वर्ष की एकता उसकी विविधताओं में छिपी हुई है" - 'भारत एक है' लेख के आधार पर स्पष्ट कीजिये.

30. समाज सुधारक के रूप में श्रीनारायण गुरु के योगदान.

31. 'शबरी' काव्य का सारांश लिखकर उसमें दलित स्त्री के रूप में शबरी के संघर्ष का चित्रण कीजिये.

(2 x 15 = 30 Marks)

****